हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 14.2 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री

4

8 माह में बेटिकट यात्रियों पर 56 लाख 60 हजार का लगा जुर्माना



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## प्रधानमंत्री जनमन योजना-ग्राम पंचायत भितघरा में विशेष शिविर का आयोजन

# शिविर में 17 हितग्राहियों का आधार कार्ड बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आज बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत भितघरा में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं बैंक खाता खोलन हेतु विशेष शिविर का आयोजन कियागया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा आरएस लाल के द्वारा शिविर का निरीक्षण कर जारी कार्यवाहियों का जायजा लिया गया। शिविर में कार्यवाही के दौरान कुमारी अलीशा बाई पिता स्वर्गीय दशरथ राम ग्राम बलियाटोली, ग्राम पंचायत रेंगले अनुविभागीय अधिकारी को समक्ष में उपस्थित होकर अपना समस्या से अवगत कराया गया। कुमारी अलीशा बाई के कथानानुसार उनके माता-पिता दोनों का स्वर्गवास हो चुका है और उनका भाई अनूप पहाड़िया ग्राम कुरकुरिया में घर जमाई बनकर निवास कर रहे हैं। अपनी समस्या के अंतर्गत कुमारी अलीशा के द्वारा पहाड़ी कोरवा होते हुए भी जाति प्रमाण पत्र का ना बनना बताया गया साथ ही रोजगार की आवश्यकता से भी अवगत कराया गया।

■ पहाड़ी कोरवा अलीशा का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने आवश्यक कार्रवाई कर एसडीएम श्री लाल ने प्रदाय किया

उक्त बातों को एसडीएम आरएस लाल के द्वारा अत्यधिक गंभीरता से लेते हुये तत्काल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बगीचा एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर को समस्या से अवगत कराया गया। सूचना प्राप्त होते ही विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा एमआर यादव भी तत्काल शिविर स्थल पर पहुंच गए एवं छात्रा के जाति निवास के संबंध में जानकारी लेकर जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने की आवश्यक तैयारी पूर्ण करवाया गया। एसडीएम के द्वारा हल्का पटवारी भड़िया को छात्रा के वंश वृक्ष एवं भूमि संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री लहरे द्वारा छात्रा का जाति एवं निवास प्रमाण–पत्र बन जाने पर किसी भी छात्रावास आश्रम में कलेक्टर दर पर नियुक्ति प्रदान करने की सहमति प्रदान की गयी। शिविर स्थल पर ही छात्रा का तत्काल राशन कार्ड बनवाकर उसे प्रदाय किया गया। सरपंच श्रीमती एलमा लकड़ा एवं सचिव आनंद गुप्ता के द्वारा तात्कालिक सहायता के तहत छात्रा को 10 किलो चावल प्रदाय किया गया। एसडीएम बगीचा के जनहितैशी कार्य की त्वरित कार्यवाही की पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है। एसडीएम बगीचा द्वारा अपने उद्बोधन में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज को समाज की मुख्य धारा में जुड़ने एवं विधिवत शिक्षा-दीक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया और अपने किसी भी प्रकार के समस्या से तत्काल निःसंकोच अवगत कराने का अनुरोध किया ⏭ शेष पेज 4 पर



जाति प्रमाण पत्र प्रदान करते एसडीएम।



## मुख्यमंत्री साय की पहल पर घायल दंपती को तत्काल मिली सहायता

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए दंपत्ति को, मुख्यमंत्री निवास की पहल पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता मिली। जिससे उनकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार ग्राम गवरमारा निवासी सुखसाय और उसकी पत्नी बिंदु बाई, रविवार को निजी काम से बाइक से कांसाबेल गए हुए थे। काम निबटा कर, शाम लगभग 4 बजे वापस गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान, सूजीबहार के पास, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर गिर गई। दुर्घटना में सुखसाय और उनकी पत्नी बिंदुबाई को सिर में गंभीर चोट लगी। दुर्घटना की सूचना जैसे ही सीएम निवास में पहुंची, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर डा. रवि मित्तल के सहयोग से घायलों के इलाज के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए कांसाबेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर डीडीसी सालिक साय भी घटना स्थल पहुंचें और घायलों को अस्पताल ⏭ शेष पेज 4 पर

■ बाइक अनियंत्रित होने से गिरकर घायल हुए थे पति पत्नी

## खबर संक्षेप

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

### 8 संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन आमंत्रित किया गया है

### चांपा के लायंस स्कूल का वार्षिकोत्सव 2 को

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव समर्पण 2024 का आयोजन मंगलवार 2 जनवरी को अपरान्ह 3:30 बजे से पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन डॉ. व्ही.के.अग्रवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन, कार्यक्रम प्रभारी नंदकुमार देवांगन तथा प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. ने बताया कि स्कूल के वार्षिकोत्सव समर्पण 2024 में विद्यार्थियों द्वारा समूह एवं एकल नृत्य, एकांकी तथा नाटक सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी जाएगी।

### खोरसी में रामकथा ज्ञान यज्ञ 3 से प्रारंभ

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत खोरसी में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 3 से 12 जनवरी तक जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 3 से 12 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें आचार्या देवी राधे प्रिया वृंदावन धाम होंगी। बुधवार 3 जनवरी को कलश, शोभायात्रा, मंगलाचरण,मानस महिमा, 4 जनवरी को सति मोह शिव विवाह, 5 जनवरी को पुत्रेष्टि यज्ञ, राम जन्मोत्सव, 6 जनवरी को बाललीला, अहिल्या उद्धार, सीताराम विवाह, 7 जनवरी को राज्याभिषेक प्रस्ताव, केंवट प्रसंग, 8 जनवरी को दशरथ स्वधाम, चित्रकूट निवास, भरत मिलाप, 9 जनवरी को मुनीसंरक्षण, पंचवटी निवास, सीताहरण, 10 जनवरी को शबरी का प्रेम,राम हनुमान मिलन, लंका दहन, 11 जनवरी को विभिषण शरणागति, लंका विजय,राम राज्याभिषेक, 12 जनवरी को तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज का आयोजन रखा गया है।

## प्रशासन और कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत से सफल हुआ सीएम का ऐतिहासिक प्रवासः सुनील

**फरसाबहार।** जशपुर के माटीपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहले जशपुर प्रवास के दौरान उमड़ी विशाल जनसमुदाय को सम्हालने और व्यवस्था बनाएं रखने मे, भाजपा के कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस प्रशासन ने जो अथक मेहनत किया है, सराहनीय है उक्त बातें जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कही वे शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर रवाना होने के बाद, उनके गृह ग्राम बगिया मे स्थित आवास मे तीन दिन तक, व्यवस्था मे जुटे कार्यकर्ताओं और अधिकारी व कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के प्रवास के दौरान जिलेवासियों ने जो अपार स्नेह और प्यार लुटाया है, वह अतुलनीय है। जनता का यह प्यार, व्यवस्था मे परिवर्तन और विकास की अपेक्षा को भी दर्शाता है। इस पर हमें खरा उतरना है कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कहा कि जशपुर से लेकर बगिया तक, व्यवस्था बनाएं रखने के लिए दिन रात मेहनत किया है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि सुबह से लेकर रात तक, ड्यूटी करने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस के जवानो ने धैर्य का जो प्रदर्शन किया, यह प्रेरक है। ऐसा ही काम, हम सबको आगे भी करते रहना है। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण करने के बाद, गृह जिला जशपुर के प्रवास पर पहली बार 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे थे। इस दौरान वे शहर के रणजीता स्टेडियम मे आयोजित जशपुरिहा माटी अटल सुशासन समारोह मे शामिल हुए थे। इस समारोह मे भी ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी थी। कुनकुरी मे रोड शो के दौरान नगरवासियों ने दीपक प्रज्ववलित कर आतिशबाजी, ढोल नगाड़े के साथ अपने मुख्यमंत्री विधायक का भव्य स्वागत किया था।



## शिविर के माध्यम से विभिन्न ग्रामों में आमजन को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**जशपुरनगर।** भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फरसाबहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत खुटगांव, तौलीतांगर, हेदखींचा, झोलंगा, पत्थलगांव ब्लॉक के सुरेशपुर, सुसडेगा, बगीचा ब्लॉक के सन्ना, डूमरकोना, कुनकुरी ब्लॉक के खरीझरिया, बरंगजोर में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।



शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी।

■ शिविर में योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

## पत्थलगांव विधानसभा के ग्रामीण मण्डल क्षेत्र में विधायक गोमती साय का भव्य स्वागत

**पत्थलगांव।** जशपुर जिले के पत्थलगांव विधानसभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती गोमती साय की उपस्थिति में रविवार को पत्थलगांव विधानसभा के ग्रामीण मण्डल क्षेत्र के खरकट्टा, खारढोढी, मिर्जापुर, रेरुमाकला (सुखरापारा), दिवानपुर में गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर पत्थलगांव ग्रामीण मण्डल के भाजपा पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। श्रीमती साय ने कहा कि पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र की जीत हर भाजपा कार्यकर्ता की जीत है। आपके मेहनत लगन एवं विश्वास की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास की गारंटी दी है, जिसे प्रदेश मुखिया, विष्णु देव साय ने पूरा करना शुरू भी कर दिया। प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी कर दी गई, किसानों का दो साल का रुका धान बोनस की राशि जारी कर दी गई। धीरे-धीरे सभी वादे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम की प्राणप्रतिष्ठा हो रही है। आप सभी अपने घरों में दीप जलाएं और उत्सव मनाए। उपस्थित जनों ने जय श्री राम के नारे लगाए।



विधायक श्रीमती गोमती साय का स्वागत करते ग्रामीण।

■ गाजे बाजे के साथ निकाला गया विजय जुलूस

## 90 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा पुलिस ने 90 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि अकलतरा शहर के वार्ड क्रमांक 19 निवासी दिलीप सारथी उम्र 44 वर्ष द्वारा शराब का अवैध कारोबार किया जाता है। मुखबीर ने पुलिस को बताया कि थाना अकलतरा क्षेत्र के अंधियारी पाठ में अवैध शराब बिक्री की जाती है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान दिलीप सारथी के कब्जे से अलग अलग बड़े जारिकेंन में रखे 90 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 9 हजार रुपए बताई जा रही है। थाना अकलतरा में आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर 30 दिसंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी टी. एस. पटटावी व थाना अकलतरा स्टाफ का योगदान रहा।



जब्त शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### चाकू की नोंक पर दुष्कर्म करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** महिला के घर घुसकर चाकू की नोंक पर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर की रात पीड़िता महिला घर में अकेली थी। इसी दौरान ग्राम अमरताल निवासी 65 वर्षीय नान ठाकुर डहरिया उसके घर घुस गया। महिला को चाकू दिखाकर वह छेड़छाड़ करने लगा। महिला द्वारा शोर मचाते हुए विरोध करने पर नान ठाकुर ने चाकू निकाल लिया। महिला के साथ मारपीट करते हुए उसने चाकू की नोंक पर दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। महिला ने अकलतरा थाना पहुंचकर आपबीती बताई और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सड़क पर मौत का पहरा सालभर में गई 184 जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अच्छी बुरी यादें लेकर साल 2022 की विदाई हो रही है। ये साल कई लोगों को जिंदगीभर का दर्द दे गया। सड़क हादसों में लोगों ने अपने करीबियों को गंवा दिया। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के घरवाले अपनों को खोने का गम नहीं भुला पा रहे हैं। जिले में सालभर में 458 सड़क हादसे हुए। इन हादसों में 184 लोग काल कवलित हो गए। वहीं 398 लोग घायल हुए।

जिले की सड़कों पर मौत की गश्त हो रही है। जरा सी चूक के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं। साल 2023 सड़क हादसों के बीच गुजरा। जिले में सालभर में सड़क हादसों के 458 प्रकरण दर्ज किए गए। हादसों में 184 लोगों की मौत हुई, जबकि 398 लोग घायल हुए हैं। इनमे राष्ट्रीय राजमार्ग में 119 हादसे हुए हैं। इन हादसों में 112 लोग घायल हुए। वहीं 37 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह राजकीय राज मार्ग में सड़क हादसों के 97 प्रकरण दर्ज किए गए। हादसों में 88 लोग घायल हुए, जबकि 42 की जान चली गई। इधर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अन्य मार्ग में 242 हादसों में 118 लोग घायल हुए। वहीं हादसे के शिकार 105 लोगों की मौत हो गई। सड़क हादसों में कई घर का चिराग बुझ गया तो कुछ घरों के मुखिया ही दुनिया से चल बसे।



पकरिया रोड में 10 दिसंबर को हुए हादसे में नवविवाहित जोड़े समेत 5 की हुई थी मौत

### नए वर्ष के आगाज पर होंगे कार्यक्रम, कथा वाचिका वेदांगिनी वृंदावन से पहुंचेंगी

# धर्मनगरी कोतबा में श्रीरामकथा, कलश यात्रा के साथ कथा का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

धर्मनगरी कोतबा में श्रीराम कथा का शंखनाद नववर्ष के साथ होने जा रहा है। सोमवार की दोपहर 12 बजे से भव्य कलश यात्रा निकलेगी। जिसमे रामायण पोथी के साथ बड़ी संख्या में भक्त केसरिया (भगवा) ध्वज लेकर आगे बढ़ेंगे। महिलाएं सिर पर कलश लेकर कदम बढ़ाएंगी।

जहां एक ओर पूरे देश मे राम मंदिर निर्माण ने भगवान श्रीराम के भक्ति की ऐसी हवा चली है कि हर किसी के मुख में राम नाम है। 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर उद्घाटन में रामभक्तों का जोश सातंवे आसमान पर है। तो धर्मनगरी कहे जाने वाली कोतबा नगरी कैसे पीछे रहती सदैव धार्मिक आयोजन को लेकर चर्चा में रहने वाले नगर में भी श्रीरामकथा का आयोजन कर राममय होने का ठान लिया है। धर्मनगरी कोतबा जहां हमेशा कुछ न कुछ धार्मिक कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से आयोजित होते ही रहता है। इस बार नव वर्ष का आगाज धर्मनगरी कोतबा में श्रीराम कथा के साथ होने जा रहा हैं। कथा स्थल तिलगोड़ा मैदान में कथा वाचिका पूज्य किशोरी वेदांगनी पाण्डेय वृन्दावन से आकर श्रीराम कथा का रसपान कराएगी। 1 से 8 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर तीन से शाम छह बजे तक आचार्य बलराम ब्रजवासी महाराज के पावन सानिध्य में कथा चलेगी। पहले दिन 1 जनवरी को नववर्ष के आगाज के साथ ही धर्मनगरी राममय हो जाएगी राम भक्ति में सराबोर होकर सैकड़ों भक्त के साथ भव्य कलश यात्रा निकलेगी। श्रीराम कथा आयोजन समस्त नगरवासियों के सहयोग से सार्वजनिक रूप से आयोजित कराया जा रहा है। श्रीराम कथा के संयोजक आचार्य बलराम ब्रजवासी महाराज ने बताया कि कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। वे पारंपरिक परिधान पहनकर सिर में मंगल कलश लेकर बढ़ेंगी।

कलश यात्रा तिलगोड़ा प्रांगण से नगर भ्रमण कर सती घाट धाम से कलश जल भर कर वापस कथा स्थल पहुंचेगी। रास्तेभर कलश यात्रा का स्वागत सत्कार होगा। श्रद्धालुओं में इसे लेकर काफी उत्साह है। भगवान राम के जीवन चरित्र का पूज्य किशोरी जी के द्वारा रसवान करने का नगरवासियों को अवसर मिला है।



### अखंड रामायण पाठ के साथ नये वर्ष का आगाज

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कारगिल चौक स्थित हनुमानजी के मंदिर में यहां के भक्तों और युवाओं द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। यहां 31 दिसम्बर से ही अखंड पाठ का आयोजन शुरू हो चुका है.मंदिर के पुजारी सहदेव महाराज व संचालक सवित नंदन निखाड़े ने बताया कि हर वर्ष नये वर्ष आने का स्वागत रामायण पाठ से शुभारंभ अखंड रामायण पाठ के साथ किया जाता है। जिसमें नगर भर के भक्तगण और श्रद्धालु शामिल होकर नगर सहित अपने खुशहाली की कामना करते हैं।

### फरसाकानी में टोल प्लाजा हेतु भूमि का संयुक्त निरीक्षण

**जशपुरनगर।** तहसील कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत फरसाकानी एनएच में टोल प्लाजा हेतु भूमि का संयुक्त निरीक्षण एनएच तथा राजस्व विभाग द्वारा किया गया। एनएच 43 में कुनकुरी एवं बंदरचुंआ के बीच ग्राम फरसाकानी में टोल प्लाजा हेतु खसरा क्रमांक 11/12 रकबा 0.3240 हे. में टोल प्लाजा बनाया जाएगा। पत्थलगांव से कुनकुरी तक एनएच 43 सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने एनएच सहित अन्य सड़क निर्माण कार्य में प्रगति लाकर कार्य पूर्ण करने की निर्देश दिए हैऔर कार्यों के प्रगति के संबंध में निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यपालनअभियंता, एसडीएओ, उप अभियंता, ठेकेदार को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश है साथ ही सड़क निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। एनएच सड़क निर्माण कार्य कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण में एनएच के कार्यपालन अभियंता नितेश तिवारी, एसडीओ मनोज सिन्हा, तहसीलदार मुखदेव प्रसाद यादव, हल्का पटवारी यशवंत स्वर्णकार थे।

31 Dec-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 12/31/2023 7:53 PM Page 1




फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

## दुनियाभर में बज रहा वोंका एक्वामैन 2 का डंका





**लॉस एंजेलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार (21 दिसंबर) को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की और वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी। जर्मनी में 589 स्क्रीनों पर फिल्म ने पांच लाख 20 हजार डॉलर की कमाई की और पहले स्थान पर रही। इस देश में यह आंकडा द फ्लैश के शुरुआती दिन के दोगुने से भी अधिक हैं। यह कमाई द मार्वल्स 81% और ब्लैक एडम 27% से ज्यादा और एंट-मैन एंड वास्प के बराबर है।

## टॉलीवुड

## ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार 'हाय पापा'



साउथ सुपरस्टार नानी और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म 'हाय पापा' हाल ही में रिलीज हुई थी, जिसमें दोनों ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। तेलुगु में यह फिल्म 'हाय नन्ना' के नाम से रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और यह हिट रही। सिनेमाघरों पर कब्जा करने के बाद यह फिल्म घर बैठे दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर भी धमाल मचाने आ रही है। आज शनिवार को नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर मृणाल ठाकुर और नानी की फिल्म 'हाय पापा' का पोस्टर साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'प्यार हवा में है और हमारा उत्साह भी है। नानी और मृणाल को खोजने के लिए उनकी प्यार की यात्रा 'हाय पापा' में शामिल हो जाइए। चार जनवरी से नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में 'हाय पापा' की स्ट्रीमिंग होगी।' इस घोषणा ने फैंस को उत्साहित कर दिया। 'हाय पापा' एक भावुक परिवारिक फिल्म है, जिसकी कहानी एक पिता और बेटी के प्यार भरे रिश्ते के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म में नानी ने पिता की भूमिका निभाई है। शौरयुव के निर्देशन में बनी 'हाय पापा' सात दिसंबर को सिनेमाघरों में तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज हुई थी।

## भोजपुरी

## अवॉड्र्स के नाम पर मजाक बना दिया गया भोजपुरी सिनेमा



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा में पहली बार अवॉड्र्स का आयोजन साल 2005 में हुआ। अगर कोरोना महामारी से साल को छोड़ दे तो इस अवॉड्र्स का आयोजन हर साल होता है। इस बार 18वें भोजपुरी अवॉड्र्स का आयोजन अथर्वा कॉलेज, मलाड में हुआ, जिसमें भोजपुरी सिनेमा का कोई बड़ा सितारा नजारा नहीं आया। समारोह की खासियत यह रही है कि इसके आयोजक विनोद गुप्ता ने अपनी ही फिल्म 'आन बान शान' को छह मुख्य अवॉर्ड देकर आयोजकों, जूरी और भोजपुरी अवॉड्र्स का मजाक बना दिया। इन अवॉड्र्स के आयोजक विनोद गुप्ता खुद भी भोजपुरी निर्माता के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी ही फिल्म 'आन बान शान' को मुख्य कैटेगरी के छह अवॉड्र्स देकर न सिर्फ अपने आयोजन की, बल्कि भोजपुरी अवॉड्र्स की भी विश्वसनीयता खो दी। वैसे भी भोजपुरी सिनेमा में अब तक जितने भी अवॉड्र्स हुए हैं उनमें भी हिंदी सिनेमा के अवॉड्र्स की तरह यही बात नजर आई कि जो सितारे अवॉर्ड कार्यक्रम में शिरकत करने आते हैं, उनको ही अवॉर्ड दे दिया जाता है। शनिवार को आयोजित भोजपुरी अवॉर्ड कार्यक्रम में अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू उपस्थित रहे, उन्होंने अभिनेत्री काजल यादव के साथ मंच पर परफॉर्मेंस दी। इस अवॉर्ड शो मेजबानी भी भोजपुरी सिनेमा का कोई स्टार नहीं, बल्कि हिंदी सिनेमा के अभिनेता राजा गुरु ने की। बताया जाता है कि अवॉर्ड शो की मेजबानी के लिए जब कोई स्टार राजी नहीं हुआ तो आनन फानन में आयोजक ने एक दिन पहले राजा गुरु को अवॉर्ड शो की मेजबानी करने की जिम्मेदारी दी। राजा गुरु ने विनोद गुप्ता की फिल्म 'आन बान शान' से भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया है। अवॉर्ड शो के दौरान कुणाल सिंह, रानी चटर्जी, संभावना सेठ, सुरेंद्र पाल, रंजन सिंह, अशोक पंडित और अली खान आदि मौजूद रहे।

लाइफ स्टाइल

## मिलान काउंटडाउन शुरू



मिलान फैशन वीक इटली के मिलान में अर्धवार्षिक रूप से आयोजित होने वाला एक बहुचर्चित फैशन शो है। प्रत्येक वर्ष फरवरी/मार्च और सितंबर/अक्टूबर में होने वाले इस शो के लिए दुनिया भर की फैशन इंडस्ट्री को इंतजार रहता है। साल 2023 की विदाई के साथ अब साल 2024 में फरवरी में शुरू होने वाले मिलान फैशन शो के लिए डिजाइनर और मॉडल को बेसब्री से इंतजार है। आगामी फैशन शो में दुनिया भर से फैशन प्रेमी यहां जुटेंगे।

## पार्टी के लिए ग्लोइंग त्वचा तो इन फेस पैक का करें इस्तेमाल



ग्लोइंग त्वचा के लिए बहुत से लोग घरेलू फेस पैक पर ज्यादा भरोसा करते हैं। इसी वजह से आपके लिए कुछ ऐसे पैक्स की जानकारी, जिनका इस्तेमाल आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए कर सकते हैं। हल्दी और दूध में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को ग्लोइंग बनाने का काम करते हैं। अगर आप इस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इसके लिए एक कटोरी में दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें और फिर गुनगुने पानी से धो दें। सर्दी के मौसम में चेहरे की नमी बरकरार रखने के लिए शहद और दही का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आप इस पैक का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो एक कटोरे में दही और शहद मिलाकर फेसपैक तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें और फिर ठंडे पानी से धो दें। चेहरे के दाग-धब्बे हटाने के लिए पपीते और शहद का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले पपीते को ब्लेंडर में पीसना है और उसमें थोड़ा सा शहद मिलाना है। अब इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक सूखने दें, फिर मलाई से मसाज करें। आखिर में चेहरा गुनगुने पानी से धो लें। चावल और बेसन का पैक आपके चेहरे के डार्क सर्कल को कम करने का काम करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले चावल का आटा लेकर उसमें थोड़ा सा बेसन मिलाना है।

## होंठों पर एलोवेरा जेल लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान



होंठों पर एलोवेरा जेल अप्लाई करते समय आपको बहुत सी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जब आप एलोवेरा जेल को होंठों पर लगा रही हैं तो आपको उसकी क्वालिटी पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। आजकल मार्केट में एलोवेरा जेल मिलते हैं, लेकिन आप कोशिश करें कि वह आर्गेनिक हो और उसमें किसी तरह के केमिकल का इस्तेमाल ना किया गया हो। सबसे अच्छा ऑप्शन तो यह रहता है कि आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर उसका फ्रेश जेल निकालें और उसे अपने होंठों पर लगाएं। होंठ स्किन के अन्य एरिया की अपेक्षा अधिक सेंसेटिव होते हैं, इसलिए अगर आप एलोवेरा जेलको अपने होंठों पर लगा रही हैं तो एक बार आपको पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए। इससे आपको यह समझ में आता है कि एलोवेरा जेल से आपके लिप्स पर किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं हो रहा है। अगर आपको एलर्जिक रिएक्शन होता है तो आपको इसे लिप्स पर अप्लाई करने से बचना चाहिए। एलोवेरा जेल को कभी भी सीधे ही होंठों पर ना लगाएं।

## साल की आखिरी पार्टी में ऐसी ड्रेस पहनकर मचाएं धमाल




यह साल खत्म हो रहा है और लोग नए साल के स्वागत में लगे हैं। नए साल के स्वागत से पहले कई जगह 31 दिसंबर को पार्टी का आयोजन किया जाता है। लोग अपने दोस्तों और घरवालों के साथ धूमधाम से नए साल का स्वागत करते हैं।

जिस तरह से नए साल के पहले दिन पार्टी के लिए लोग खूब सज-धज के तैयार होते हैं, ठीक उसी तरह से 31 दिसंबर की रात की पार्टी भी काफी अहम होती है। पार्टी का प्लान बनाना तो आसान होता है लेकिन जब बात आती है पार्टी के लिए कपड़ों का चयन करने की तो सबसे ज्यादा दुविधा इसी में होती है।

ऐसे में आज का लेख उन लड़कियों के लिए काफी अहम है, जो पार्टी के लिए उत्साहित तो काफी हैं, लेकिन पार्टी में क्या पहनना है, उन्होंने अभी तक ये चुनाव नहीं किया है। हम आपको आज कुछ ट्रेंडी ड्रेस दिखाएंगे, जिससे टिप्स लेकर आप भी शॉपिंग कर सकती हैं।



**रेड बॉडीकॉन :** इस तरह की ड्रेस काफी आरामदायक भी होती है। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी कर सकती हैं। पार्टी में अगर आप इस तरह की ड्रेस कैरी करके जाएंगी, तो आपका लुक ग्लैमरस के साथ काफी खूबसूरत भी लगेगा।

**ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन :** अगर आपको बॉडीकॉन ड्रेस बेहद पसंद है तो इस तरह की सफेद रंग की ड्रेस आप कैरी कर सकती हैं। अगर ये ऑफ शोल्डर होगी तो आपका लुक और भी ज्यादा ग्मैरमस दिखेगा।

**फ्लोरल ड्रेस :** अगर आप किसी बीच पार्टी में जा रही हैं, तो ये ड्रेस आपके लिए एक परफेक्ट विकल्प है। इसके साथ आप डार्क आई मेकअप करके अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं।

**सीक्विन वर्क वाली रेड ड्रेस :** इस तरह की शॉर्ट रेड ड्रेस आपके लुक को खूबसूरत बनाएगी। इसके साथ अगर आप लाल रंग का ही ब्लेजर पहनेंगी तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। इससे आप बॉस लेडी लुक में नजर आएंगी।

**व्हाइट गाउन :** पार्टी में खूबसूरत दिखने के लिए आप ऐसा सफेद रंग का गाउन खरीद सकती हैं। इसके साथ गले में एक पैंडेंट जरूर पहनें। ड्रेस का रंग काफी हल्का है, इस वजह से इसके साथ मेकअप थोड़ा डार्क ही रखें।

**रेड स्लिट ड्रेस :** अगर आप पार्टी में ग्लैमरस अंदाज दिखना चाहती हैं, तो इस तरह की लाल रंग की स्लिट वाली ड्रेस आपके लिए परफेक्ट विकल्प है। इस तरह की ड्रेस से साथ बालों को कर्ल करेंगी तो लुक काफी खूबसूरत लगेगा।

## फैशन की इन बातों को लेकर लड़के कभी भी न शर्माएं



वैसे तो कहा जाता है कि लड़कियां शर्माती हैं, मगर फैशन-स्टाइल के मामले में लड़के भी कम नहीं हैं। यह सच है कि लड़कों को कुछ बातों को लेकर झिझक और शर्म आती है। इस वजह से वह अपना आत्मविश्वास खोते हैं। जबकि हमें उन बातों को लेकर शर्म करने की आवश्यकता नहीं है।इस तरह की चीजों का सामना अधिकतर लड़के या पुरुष करते हैं। उनको फैशन-स्टाइल की कुछ बातों को लेकर शर्म महसूस होती है।वहीं जो लोग इससे आगे निकल जाते हैं उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। इसलिए हम चाहते हैं कि आप भी उन बातों को छोड़कर आगे निकलें। चलिए हम उन बातों को जान लेते हैं। आखिर हमें फैशन की किन बातों को लेकर शर्माना नहीं चाहिए-

**पुराने कपड़े पहनने में :** पुराने कपड़े पहनने को लेकर कई लड़के शर्म करते हैं। जबकि इसमें शर्माने वाली कोई बात नहीं है। अगर आप हर माह या हर सीजन के लिए नए ड्रेस खरीदने में सक्षम हैं तो कोई बात नहीं। मगर ये हर किसी के लिए संभव नहीं है।

इसलिए अगर आपके पास पुराने ड्रेस हैं तो पहनने में शर्माए नहीं। कई बार जैसे कपड़े धुले न हो, आयरन किए न हों, सूख न पाए हों तो ऐसे में पुराने कपड़े को पहनकर हम बाहर निकलने से हिचकिचाते हैं। जबकि, उनको पहनने में शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं।

हम तो ये कहेंगे कि आप उन कपड़ों को भी अच्छी तरह कैरी कर के जाएं। आपके आत्मविश्वास के आगे लोगों की नजर कपड़े पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगी।

## पार्टनर के साथ डेट पर जाने के लिए बेस्ट रहेंगी ये साड़ियां



साड़ी को पहनने के लिए आपको इसकी स्टाइलिंग को अपनी बॉडी शेप के अनुसार ही करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करें। साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन में रहता है। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में देखने को नजर आ जाएंगे। वहीं बदलते दौर में साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके होते हैं। लगभग हर मौके पर साड़ी को पहना जाता है और इसके डिजाइन को भी हम ओकेजन के हिसाब से चुना जाता है। पार्टनर के साथ डेट नाइट पर जाने के लिए वैसे तो कई आउटफिट्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टाइलिश के साथ-साथ ट्रेडिशनल लुक को कैरी करना चाहती हैं तो आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ खास टिप्स।

**ब्लैक एंड व्हाइट साड़ी :** आजकल ब्लॉक डिजाइन और ब्लैक एंड व्हाइट पैटर्न काफी पसंद किया जाता है। **Abraham & Thakore** द्वारा इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइन किया गया है। इस तरीके की सीक्वेन साड़ी आपको मार्केट में लगभग 1200 से लेकर 1500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

**रेडीमेड साड़ी डिजाइन :** रेड कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इस खूबसूरत रेडीमेड साड़ी को डिजाइनर अमित अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

**स्ट्रिप्स डिजाइन साड़ी :** देखने में काफी मॉडर्न लुक देने में सहायता करता है यह डिजाइन। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

कार्नर न्यूज

दुल्हन के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद खास होता है

## दुल्हन के हाथों की शोभा बढ़ाएंगे कंगन के ये खास डिजाइंस

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप इन्हें चूड़ियों के साथ पहन सकती हैं। इसे दुल्हन चूड़े के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। शादी का दिन हर लड़की के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए दुल्हन अपने लुक से जुड़ी हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखती हैं। वहीं लुक की बात करें तो दुल्हन के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद खास होता है और इसके लिए सबसे पहले आउटफिट के डिजाइन को समझना जरूरी होता है।

वैसे तो हम कंगन को हाथों पर बिना चूड़ी के भी पहन लेते हैं, लेकीन दुल्हन को इसे चूड़ा या चूड़ियों के साथ पहनना पसंद करती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कंगन के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।


### कुंदन डिजाइन कंगन

परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरीके के चौड़े डिजाइन के कंगन खरीद सकती हैं। वहीं इस तरीके के डिजाइन वाले ब्राइडल कंगन आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। मॉडर्न और फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो अनकट डायमंड के कंगन खरीदकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन देखने में काफी एक्सपेंसिव लुक देने में मदद करते हैं। इस तरह के कंगन आपको आर्टिफिशियल डिजाइन में लगभग 700 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।



### मीनाकारी डिजाइन कंगन

बारीकी से बने डिजाइन के कंगन को पहनना चाहती हैं तो इस तरह के मीनाकारी डिजाइन के कंगन आपके लिए बेस्ट रहेंगे। वहीं इस तरीके के हैवी लुक वाले कंगन आपको काफी रॉयल लुक देने में सहायता करेंगे। इस तरीके के कंगन आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।



### पर्ल डिजाइन कंगन

एवरग्रीन फैशन में चलने वाली चीजों को स्टाइल करना पसंद करती हैं तो इस तरीके का पर्ल डिजाइन आपके लिय बेस्ट रहेगा। इस तरह के कंगन आप दिन के वेडिंग लुक यानी सटल ब्राइडल वियर में कैरी कर सकती हैं।





# आमिर खान को लगा मराठी सीखने का चस्का

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के लिए पिछली कुछ फिल्में खास नहीं रहीं। साल 2018 में आई फिल्म ठग्स ऑफ हिस्दुस्तान के बाद उन्होंने एक भी हिट प्रोजेक्ट नहीं दिया है। प्रोफेशनल लाइफ से इतर पर्सनल लाइफ को लेकर भी आमिर खान चर्चा में रहे हैं। हालांकि साल 2024 की शुरुआत उनके लिए काफी खूबसूरत होगी। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट की बेटी आइरा खान अपने बॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। लेकिन उससे पहले आमिर खान को कुछ नए शौक लगे हैं जिन्हें लेकर वो खबरों में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बेटी की शादी से पहले आमिर को मराठी सीखने का शौक लग गया है।

## लाइफ Style



# अनन्या

## खो गए हम कहां नंबर 1 पर कर रही ट्रेंड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अर्जुन वरैन सिंह निर्देशित खो गए हम कहां 26 दिसंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी सोशल मीडिया की सच्चाई से रूबरू कराती है, जिससे आज लगभग हर इंसान जूझ रहा है।

खो गए हम कहां को क्रिटिक्स से तारीफें मिली और दर्शक भी इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनन्या, सिद्धांत और आदर्श की परफॉर्मेंस को भी काफी पसंद किया गया है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होते ही फिल्म ओटीटी पर ट्रेंड कर रही है। जवान, मिशन रानीगंज और टॉप गन समेत कई फिल्मों को छोड़ खो गए हम कहां नेटफ्लिक्स पर नंबर वन पोजिशन पर ट्रेंड कर रही है। अर्जुन कपूर ने खो गए हम कहां का रिव्यू किया और इसे 'मस्ट वॉच' फिल्म बताई।

अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म को लेकर अपना ओपिनियन शेयर करते हुए कहा, वाकई नाम सूट करता है। खो गए हम कहां एक इमोशनल फिल्म है। देखने का अनुभव है। मेच्योर लेखन ने कम लेकिन पावरफुल परफॉर्मेंस का समर्थन किया है। हम किस दुनिया में जीते हैं और किन चीजों से डील करते हैं, उसे बड़ी जटिलता से डायरेक्ट किया गया है। अर्जुन कपूर ने आगे कहा, प्लॉट को जिस तरह से दिखाया गया है, वो खूबसूरत है और आप इससे वाकई रिलेट करते हैं। यह बिल्कुल देखी जानी चाहिए। अनन्य पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव ने जो कैमरा डायरी शेयर की है, वो फिल्म की जान है। जो दोस्ती आपने महसूस की है, वो हम में से एक है।

## हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस मनाकर किया सुसाइड

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर हॉन्ग कॉन्ग एक्ट्रेस लाई सुक यिन ने 26 दिसंबर को सुसाइड कर लिया। एक्ट्रेस 47 साल की थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस अपने बेटे के पास अनकॉन्शियस हालत में पाई गईं। मंगलवार दोपहर की यह घटना है। कहा जा रहा है कि लाई सुक यिन ने घर पर कोएले जलाए थे। जिसके बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की। एक्ट्रेस को आनन-फानन में जब अस्पताल लेकर जाया गया तो उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।




# प्रियंका के दूर रहने पर निक ऐसे रखते हैं बेटी का ख्याल

**लॉस एंजिलिस।** निक जोनास जो अक्सर अपनी पत्नी और बॉलीवुड दिवा प्रियंका चोपड़ा के प्रति अपने दिल छू लेने वाले इशारों से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं, न केवल सपनों के पति हैं बल्कि एक अच्छे पिता भी हैं। नवीनतम बातचीत में, प्रियंका चोपड़ा की माँ मधु चोपड़ा ने खुलासा किया कि कैसे वह अपने दामाद से विस्मय में हैं, यह देखकर कि जब उनकी माँ काम पर बाहर होती हैं तो वह अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास की देखभाल कैसे करते हैं। अपनी तुलना में सबसे अच्छी मां होने के लिए अपनी बेटी प्रियंका की प्रशंसा करते हुए, मधु ने कहा, मैं देखती हूं कि प्रियंका और निक पेशेवर रूप से एक-दूसरे का बहुत अच्छे से समर्थन कर रहे हैं।



# सुजैन को एयरपोर्ट से लौटना पड़ा वापस


**मुंबई।** ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान काफी समय से एक्टर अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। दोनों पार्टीज से लेकर इवेंट तक में साथ देखे जाते हैं। न्यू ईयर से पहले कई सेलिब्रिटीज वेकेशन के लिए एयरपोर्ट पर दिखे। इन्हीं में एक कपल सुजैन और अर्सलान भी थे लेकिन उनके साथ ऐसा कुछ हुआ कि एयपोर्ट पर पोपट बन गए और उन्हें वापस लौटना पड़ा। पपराजी ने ये सब अपने कैमरे में कैद कर लिया। दरअसल सुजैन और अर्सलान छुट्टियां मनाने के लिए जाने वाले थे तो वे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। गेट के बाहर ही अर्सलान जब अपने डॉक्यूमेंट्स खोजने लगे तो पता चला कि पासपोर्ट लाना ही भूल गए। वह सुजैन को बताते हैं तो वह भी हैरान होती हैं। सिक्योरिटी चेक करने वाले अधिकारी से सुजैन अपना पासपोर्ट वापस लेती हैं और वहां से दोनों लौट जाते हैं।



# रणबीर व राजकुमार की बनेगी जोड़ी...

**मुंबई।** फिल्म 'एनिमल' में रणविजय के किरदार से सुपरस्टार रणबीर कपूर हर किसी के दिलों-दिमाग पर छाए हुए हैं। एनिमल की सुपर सक्सेस के बाद हर कोई रणबीर की अगली फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस बीच 'डंकी' फिल्म डायरेक्टर राजकुमार हिरानी ने अपनी फिल्म 'संजू' के एक्टर रणबीर कपूर के साथ एक और मूवी बनाने को लेकर बड़ा अपडेट दिया है, जिसे जानकार फैंस काफी एक्साइटेड हो जाएंगे। फिल्म 'डंकी' को लेकर राजकुमार हिरानी इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान हाल ही में राजकुमार ने इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उनसे भविष्य में संजू फिल्म स्टार रणबीर कपूर के साथ फिल्म करने को लेकर सवाल पूछा गया।

## टीवी मसाला



# 1 करोड़ के सवाल का जवाब देने से चूका कंटेस्टेंट...

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा शो है, जिसका हर सीजन दर्शकों का फेवरेट रहा। केबीसी का सीजन 15 भी काफी हिट रहा है। शो में एक बार फिर से अमिताभ बच्चन ने अपनी शानदार मौजूदगी से पूरे सीजन को यादगार बना दिया। इस वक्त कौन बनेगा करोड़पति का फिनाले वीक चल रहा है। इस आखिरी सप्ताह में बिग बी काफी इमोशनल भी हुए। फैंस भी दुखी नजर आ रहे हैं। ऐसे में बीता एपिसोड काफी दिलचस्प रहा। केबीसी के आखिरी हफ्ते में बिहार के अविनाश भारती अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे नजर आए। अविनाश का खेल बेहद ही शानदार रहा, लेकिन वह एक करोड़ का जवाब देने से चूक गए। आइए जानते हैं क्या था वो सवाल? अमिताभ बच्चन ने शो के दौरान बताया कि ये केबीसी के इतिहास का ऐसा पहला एपिसोड है, जिसमें पहले ही दिन कंटेस्टेंट एक करोड़ के सवाल तक पहुंचा। अविनाश ने खेल के दौरान अपनी सारी लाइफलाइन का इस्तेमाल करके 50 लाख रुपये जीते। इसके बाद अविनाश के सामने 1 करोड़ का सवाल आया, जिसका जवाब देने में उनके भी पसीने छूट गए, क्योंकि उनके पास अब कोई भी लाइफलाइन नहीं बची है। इसी वजह से उन्होंने गेम को 50 लाख के सवाल के साथ क्विट कर दिया।

## यशराज के प्लान में रोड़ा बनेगा शख्स

**मुंबई।** तेरी मेरी डोरियां के 30 दिसंबर के एपिसोड में देख सकेंगे कि बरार फैमिली का घर चला गया है और अभी वो जसलीन के लिए अस्पताल में हैं। इस बीच साहिबा के माता-पिता वहां आ जाते हैं। कीरत ने उन्हें सब बता दिया था। वो लोग सभी के लिए खाना लेकर आते हैं जिसे वो मिलकर खाते हैं। थोड़ी देर बाद साहिबा सीढ़ियों से जाती है तभी एक शख्स उसका मुंह बंद करके एक कमरे में ले जाता है। कमरे में अंधेरा होता है और जहां वह देखती है वहां पर गैरी पहले से मौजूद है। वह उसे खुद से दूर हटाती है लेकिन फिर गैरी कहता है कि वह यशराज के बारे में कुछ बताना चाहता है। गैरी को अहसास हो जाता है कि यशराज किसी का सगा नहीं है। साहिबा ने उसे पहले ही समझाया था कि जसलीन ने उसे बिना किसी शर्त के प्यार किया जबकि यशराज फायदा उठा रहा है।



# राजकुमार का बुलावा आते ही 'डंकी' में भूमिका निभाने पहुंच गए थे रोहिताश्व

**मुंबई।** रोहिताश्व गौड़ एंडटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने मशहूर किरदार मनमोहन तिवारी के चलते सबके चहेते बन चुके हैं। उन्होंने टेलीविजन और बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। उनकी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग ने मनोरंजन उद्योग के एक प्रतिभाशाली कलाकार के तौर पर उन्हें मजबूती से स्थापित किया है। गौड़ ने हाल ही में राजकुमार हीरानी की फिल्म डंकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसमें वे एक धोखेबाज वीजा एजेंट के किरदार में नजर आये। एक बेबाक बातचीत में उन्होंने विस्तार से बताया है कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली। शाहरुख खान की फिल्म से जुड़ने के बारे में रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''यकीन करना मुश्किल है, लेकिन यह मेरे लिये सबसे महत्वपूर्ण मौकों में से एक बन गया, और इसके लिए मुझे बहुत कम इंतजार करना पड़ा। दिलचस्प बात यह है, कि यह सब एक ही दिन में हो गया। मैं नायगांव में अपने शो 'भाबीजी घर पर हैं' की शूटिंग कर रहा हूँ। लगातार सफर करने से बचने के लिये मैं आमतौर पर सेट के पास के एक अपार्टमेंट में ठहरता हूँ और सिर्फ छुट्टी के दिनों में अपने घर गोरेगांव जाता हूँ। हमें अगले दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन मुझे सुबह ही खबर मिली कि सेट पर एक हफ्ते की छुट्टी है। मैंने सोचा कि इस वक्त का इस्तेमाल घर जाकर अपने परिवार के साथ बिताने के लिये करना चाहिये। रास्ते में मुझे राजकुमार हीरानी जी का कॉल आया और उन्होंने पूछा कि मैं क्या कर रहा हूँ। मैंने उन्हें बताया कि मैं घर जा रहा हूँ और उन्होंने ज्यादा कुछ कहे बिना मुझे सीधे गोरेगांव की फिल्मसिटी में बुलाया। वहाँ जाने पर मैं एक बड़ा सेट देखकर चौंक गया, जहाँ हजारों लोग थे। फिर मिस्टर हीरानी ने बताया कि वे पंजाब के एक जाने-माने थियेटर आर्टिस्ट के साथ एक दृश्य की शूटिंग करने वाले थे, लेकिन किसी कारण से वह अपना किरदार निभाने नहीं आ पाया। वह फिल्म की शूटिंग का पहला दिन था और मिस्टर हीरानी प्रोडक्शन को रोकना नहीं चाहते थे।



# दूसरे पार्ट की कहानी को लेकर डायरेक्टर ने दिया हिंट


*__मुंबई।__ क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। फिल्म वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब है। 'सालार' को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया जिन्होंने इससे पहले 'केजीएफ' और 'केजीएफ चैप्टर 2' बनाई। प्रभास और प्रशांत नील के साथ आने से 'सालार' को लेकर उम्मीदें और बढ़ गई थीं। फिल्म देखने वाले दर्शक अब इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने 'सालार 2' की कहानी को लेकर भी यह राज खोला है कि यह पिछली फिल्म से और बड़ा, और बेहतर होगा। प्रशांत ने कहा कि जो भी फीडबैक मिला है उसे देखने के बाद वह दूसरे पार्ट में कोई बदलाव करने के मूड में नहीं हैं। फिल्म की कहानी तैयार है। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या 'सालार पार्ट 2' की कहानी में कुछ बदलने वाले हैं तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं कहानी नहीं बदलूंगा। मुझे जो फीडबैक मिला है उसकी वजह से मैं इसमें थोड़ा भी बदलाव नहीं करने जा रहा हूं। मेरा मतलब है कि कहानी पहले से तैयार है। मुझे कहानी को फॉलो करना होगा। एक डायरेक्टर के रूप में मेरा काम उस कहानी को बताना है जो हमने लिखी है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी को पसंद आई। हम उसी कहानी के साथ आगे बढ़ने जा रहे हैं।'*



# रातों रात चर्चा में आए ये एक्टर्स, परफॉर्मेंस से चुरा ली सारी लाइमलाइट

*__मुंबई।__ साल 2023 कई कलाकारों के लिए शानदार रहा। एक फिल्म या वेब सीरीज से उन्हें पॉपुलैरिटी मिली। कोई नेशनल क्रश कहलाई तो कोई इंटरनेट सेंसेशन बन गया। अपनी परफॉर्मेंस से इन कलाकारों ने क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इनमें कई तो ऐसे हैं जो सालों से काम करते आ रहे हैं लेकिन अब जाकर उनके एक रोल ने उन्हें लोकप्रिय कर दिया। चलिए बताते हैं जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाले ऐसे ही एक्टर्स के बारे में।*











**करिश्मा तन्ना :** 'स्कूप' के लिए करिश्मा तन्ना हर जगह अवॉर्ड बटोर रही हैं। टीवी सीरियल के बाद करिश्मा का ओटीटी डेब्यू शानदार रहा। उनका कहना है कि इंडस्ट्री में इतने सालों की मेहनत अब रंग लाई

**अविनाश तिवारी :** वेब सीरीज 'बंबई मेरी जान' से अविनाश तिवारी को पहचान मिली। उन्होंने अंडरवर्ल्ड डॉन का किरदार निभाया। इसके अलावा उनकी एक और सीरीज काला आई थी।

**अपारशक्ति खुराना :** विक्रमादित्य मोटवाने की वेब सीरीज 'जुबली' में अपारशक्ति खुराना ने लीड रोल किया। उन्होंने अपनी एक्टिंग से किरदार में जान डाल दिया।

**वामिका गब्बी :** 2023 वामिका गब्बी के लिए यादगार रहा। उन्हें दर्शकों ने 'जुबली', 'मॉर्डल लव चेन्नई', 'चार्ली चोपड़ा' और 'खुफिया' में देखा। हर फिल्म और सीरीज में उनकी एक्टिंग पसंद की गई।

**तृप्ति डिमरी :** फिल्म 'एनिमल' से तृप्ति डिमरी इंटरनेट सेंसेशन बन गईं और वह नेशनल क्रश बन गईं। फिल्म में तृप्ति का छोटा सा ही राल था लेकिन हर किसी ने उन्हें नोटिस किया।

**विक्रांत मैसी :** '12वीं फेल' में विक्रांत मैसी ने लीड रोल किया। छोटे बजट की इस फिल्म ने अपने कलेक्शन से सभी को हैरान कर दिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 53.68 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया।

**अदा शर्मा :** 'द केरल स्टोरी' से अदा शर्मा रातों रात स्टार बन गईं। फिल्म के विषय को लेकर विवाद भी हुआ।

## खबर संक्षेप

### नवविवाहिता ने मौत को लगाया गले, कारण अज्ञात

**रायगढ़।** रात में धान की रखवाली करने पति खलिहान गया तो नवब्याहता ने दूधमुंही बच्ची को बिस्तर में सुलाते हुए फांसी लगा ली। यह दुखद प्रसंग खरसिया क्षेत्र का है। पुलिस जांच कर रही है। जोबी चौकी प्रभारी चन्द्रकुमार सिंगार ने बताया कि कोठीकुंडा में खेती करने वाले विनोद राठिया की शादी 3 साल पहले करतला के ग्राम पीडिया निवासी वैजयंती 23 वर्ष के साथ हुआ था। दोनों की सालभर की एक बेटी भी है। विगत दिवस वैजयंती को छोड़ परिवार के साथ सभी सदस्य काम करने खेत गए। विनोद दोपहर खेत से घर गया तो भोजन नहीं पका था इसलिए उसने वैजयंती से खाना बनवाया और खाकर फिर खेत चला गया। देर शाम सभी लोग खेत से घर लौटे मगर विनोद भोजन लेकर धान की रखवाली करने खलिहान चला गया। रात को वैजयंती को न जाने क्या हुआ कि अपनी दूधमुंही बेटी को बिस्तर में सुलाते हुए उसने फांसी लगा ली। सुबह जब मासूम बच्ची की काफी देर तक रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में गए तो वहां वैजयंती के शव को संदिग्ध परिस्थितियों में झूलते देख उनके होश उड़ गए। पुलिस मर्ग कायम कर नवविवाहिता की खुदकुशी के कारणों को जानने के लिए उसके मायके पक्ष का भी बयान ले रही है।

### घरघोड़ा एसडीएम मुख्यालय अटैच

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में संशोधन करते हुए जिला मुख्यालय में पदस्थ कार्यरत अधिकारियों के मध्य कार्य संपादित करने हेतु अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त हेतु कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत ज्वाइंट कलेक्टर धनीराम रात्रे को नजूल अधिकारी बनाया गया है। रमेश कुमार मोर डिप्टी कलेक्टर को घरघोड़ा एसडीएम बनाया गया है तो वही घरघोड़ा एसडीएम रही ऋषा ठाकुर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय एवं मण्डी निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। जिला मुख्यालय में अस्थाई रुप में पदस्थापना दी गई है।

### योजनाओं से मिले लाभ को बयां कर रहे हितग्राही



**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को ग्रामीणों के सामने शिविर में बताया जा रहा है। इन योजनाओं में पीएम आवास योजना ग्रामीण, आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान, पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। जिला टीम द्वारा संबंधित पोर्टल में विभाग के अनुसार अपलोड भी किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम गिरहुलपाली और गोबरसिंघा में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टाडीपार और पहन्दा में किया गया। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम धाराशिव, डोकरीडीह, मुच्छमल्दा और दुम्हानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया।

### बेयर हाउस औरदा में सड़ रहा 50 क्विंटल हाफ बीट

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम औरदा में कई गोदाम हैं जहां लाखो टन अनाज शासन द्वारा संग्रहण किया जाकर उसका वितरण किया जाता है। उक्त गोदाम के बगल के खाली स्थान में लगभग 50 क्विंटल सढी हुई हाफ बीट पिछले कई सालों से पडी हुई है जिसका डिस्पोज नहीं हो पाया है जिससे उक्त स्थान चुहे और सांप का अड्डा बनते जा रहा है ऐसे स्थिति में उक्त चूहे सांप की डर से भण्डारण हुए अनाज की ओर छुपने और अनाज खाने पहुंच रहे हैं। बताया जाता है इन चूहों की संख्या इतनी अधिक हो गई है ये बोरे में रखे अनाज को दिनों दिन चट कर रहे हैं ऐसे स्थिति में अनाज की भरपाई यहां के प्रभारी सहित अन्य लोगों को करना पड रहा है।

## बीते वर्ष की तुलना में 4 हजार 400 कम बने प्रकरण

# 8 माह में बेटिकट यात्रियों पर 56 लाख 60 हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन सहित ट्रेन मे बेटिकट यात्रियों पर बीते 8 माह में इस वर्ष 11 हजार 113 मामले दर्ज किए गए। वहीं इन बेटिकट यात्रियों पर करीब 56 लाख 60 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया। हालांकि बीते वर्ष नवंबर माह की तुलना इस वर्ष नवंबर माह तक 4 हजार 403 कम प्रकरण दर्ज किए गए।

गौरतलब है कि बेटिकट यात्रियों पर लगातार अभियान चला कर जुर्माना लगाया जाता है। यह अभियान समय समय रेलवे स्टेशन सहित ट्रेनों में चलाया जाता है। इतनी बार कार्रवाईयां होने के बाद भी बेटिकट यात्री बाज नहीं आते। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन में या फिर ट्रेन में बेटिकट सफर करने वालों पर बीते वर्ष करीब 15 हजार 516 प्रकरण दर्ज किए गए थे। इन प्रकरणों में करीब 1 करोड़ 23 लाख 67 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया था। वहीं वर्ष 20023 में नवंबर माह तक 11 हजार 113 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमे 56 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है। यानी बीते वर्ष की तुलना में इस बार 67 लाख 7 हजार 483 कम जुर्माना राशि वसूल की गई है।




**हर माह घटे प्रकरण व जुर्माने**

आंकड़ों की बात करें तो बीते वर्ष और इस वर्ष कार्रवाई के प्रकरण और जुर्माने की राशि में अंतर देखा गया है। बीते वर्ष जुर्माने की राशि करोड़ों में पहुंच गई थी, जबकि इस वर्ष इसका करीब 50 फीसदी ही जुर्माना वसूल किया जा सका है। वहीं बीते वर्ष जहां हर माह जुर्माने की राशि बढ़ती हुई नजर आई, वहीं इस वर्ष हर माह यह राशि घटती हुई दिखी।

**फैक्ट फाइल**

| माह | केस | जुर्माना |
|---|---|---|
| मई | 1370 | 688900 |
| जून | 1636 | 872360 |
| जुलाई | 1510 | 849845 |
| अगस्त | 1168 | 589410 |
| सितंबर | 1397 | 6700375 |
| अक्टूबर | 1292 | 665050 |
| नवंबर | 1416 | 646145 |

# सेंट्रल बैंक के मैनेजर के सूने मकान में चोरी

## एक लाख का आभूषण सहित नकदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेंट्रल बैंक के मैनेजर के परिवार के सूने मकान में चोर सोने-चांदी के जेवर तथा कैश सहित 1 लाख का माल ले उड़े और पड़ोसियों को भनक तक नहीं लगी। दरअसल चोरों ने पुराने तालों को तोडऩे के बाद उसके बदले नए ताले लगा गए थे। यह वारदात पुसौर थाना क्षेत्र की है। सूत्रों के मुताबिक धनगांव के बीच बस्ती में अपनी बीवी अंबिका देवी के साथ रहने वाले 70 वर्षीय किसान घनश्याम पटेल का बेटा चित्रकान्त पटेल वर्तमान में सेंट्रल बैंक के मैनेजर के तौर पर महासमुंद में पदस्थ है।

ऐसे में बुजुर्ग दम्पत्ति अपने पुत्र के यहां जाने के लिए बीते 15 दिसंबर को गांव के घर में ताले लगाते हुए महासमुंद रवाना हुए। विगत दिवस घनश्याम जब वापस गांव लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे में लगे ताले को लगे देख जब उसे खोलने की कोशिश की तो पता चला कि वह दूसरा ताला है। बुजुर्ग ने मिस्त्री बुलाकर ताले को खुलवाया और भीतर गया तो कमरेए गोदामए रसोई और पूजा कक्ष में लगे तालों को संदिग्ध परिस्थितियों में टूटा पाया। किसी अनजान घटना की आशंका से जब किसान ने आलमारी को चेक किया तो वह भी टूटा मिला। यही नहीं लॉकर में रखे सोने का हार, अंगूठी, लटकन, चांदी की पायल तथा 25 हजार रुपए नगद सहित 1 लाख से अधिक कीमत के माल को गायब देख उसके होश उड़ गए। बदहवास घनश्याम ने इसकी जानकारी आस पड़ोस के लोगों के साथ थाने में भी दी तो पुलिस ने मौके का जायजा लेने पर खुलासा हुआ कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोरी के बाद नए ताले लगा गए थे। बहरहाल बैंक मैनेजर के पिता की रिपोर्ट पर पुसौर पुलिस धारा 457, 380 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए छानबीन में जुटी है।

# सीएम का प्रवास उर्मिला के परिवार के लिए लेकर आया खुशियों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का रायगढ़ जिले का भुईंयापानी प्रवास उर्मिला बिरहोर के परिवार के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिरहोर समुदाय की उर्मिला को तत्काल रोजगार मिल गया है। उर्मिला अब अपने गांव के कन्या आश्रम में काम करेगी। उर्मिला ने मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल के लिए आभार जताया है। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों से मुलाकात करने शुक्रवार को रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम भुईंयापानी पहुंचे थे। चर्चा के दौरान जब मुख्यमंत्री श्री साय को यह जानकारी मिली कि बिरहोर समाज की उर्मिला आठवीं तक पढ़ी हैंए तो उन्होंने आश्चर्य मिश्रित खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विशेष पिछड़े जनजातीय समुदाय में जब पढ़े लिखे युवाओं की संख्या काफी कम है। ऐसे में उर्मिला का शिक्षित होना खुशी की बात है। उन्होंने तत्काल मौके पर ही कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को उर्मिला के लिए रोजगार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

■ **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित अमल**

मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल से शाम तक उर्मिला को खुशखबरी मिल गई। उर्मिला अब अपने ही गांव कुर्रा के आदिवासी कन्या आश्रम में रसोईया के पद पर 30 दिसंबर से काम करेगी। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्राप्त बिरहोर समुदाय को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए जरूरी हैए उन्हें शिक्षा और रोजगार से जोड़ा जाए। विशेष कर बिरहोर समुदाय की जो बच्चियां पढ़ी लिखी हैं उन्हें रोजगार के अवसर मुहैय्या कराना चाहिए। इससे परिवार के साथ पूरे समुदाय के विकास की नींव सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने उर्मिला बिरहोर से यह भी पूछा कि उन्हें सरकार की किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उर्मिला ने बताया कि उनका राशन कार्ड बनाया गया है। अब राशन भी मिलेगा।

## मेगा ब्लॉक के कारण टाटा इतवारी एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व रेल्वे के चक्रधरपुर मण्डल में मेगा ब्लॉक लेकर संरक्षा सबंधित महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे जिसके फलस्वरूप टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मण्डल के अप लाइन में चक्रधरपुर-बिसरा के मध्य व डाउन लाइन में झारसुगुड़ा-राउरकेला के मध्य मेगा ब्लॉक लेकर संरक्षा संबन्धित महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से चलने गुजरने वाली टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित रहेगा जिसका विवरण नीचे दिया गया है। 30 दिसम्बर 6/13 व 20 जनवरी 2024 को टाटानगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनाँक 1,8,15 व 22 जनवरी 2024 को इतवारी से चलने वाली गाड़ी संख्या 18110 इतवारी. टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। ऐसी स्थिति में इस रुट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को दूसरे ट्रेनों में सफर करना पड़ेगा।

# पीएम जनमन योजना की जानकारी देने पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बहुल पंचायत में शिविर

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट एवं पंचायत में पहुंचकर शिविर आयोजित कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल जांच सहित विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होकर निराकरण किया जा रहा है। शिविर में अधिकारी द्वारा केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर आयोजित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं। जिले के चिन्हांकित सभी पीवी टीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाने के लिए कहा।

■ **योजना से जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को किया जा रहा लाभान्वित**


जनमन योजना शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।



# अनियंत्रित महतारी एक्सप्रेस घर में घुसी, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मरीज को उसके घर छोडकर वापस लैलूंगा लौट रही महतारी एक्सप्रेस उस वक्त दुर्घटना की शिकार हो गई जब उसका चालक लघु शंका करने गया था और वाहन में मौजूद चालक के मित्र ने शराब के नशे में वाहन चलाते हुए एक घर में वाहन को घुसा दिया जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और घर की दीवार भी टूट गई।

ड्राइवर का कहना है की ड्राइवर मरीज को छोड़ने के बाद किसी अन्य साथी के साथ शराब पिया उसके बाद ड्राइवर कहीं लघु संका के रुका था उसी दौरान शराबी साथी नें 102 गाड़ी को स्टार्ट करके तेज गति से गाँव के एक घर में जा घुसी है। लेकिन गाँव वालों का कहना है की ड्राइवर भी काफी शराब के नशे में चूर था जिसके कारण ऐ घटना हुई है। शराबी ड्राइवर की वजह से किसी की जान को सुरक्षित रखने के लिए लाने और लेजाने का काम करने वाले महतारी एक्सप्रेस में आम जनता की सुरक्षा कहीं न कहीं खतरे में नजर आ रही है।

## ओपी की पहल पर रायगढ़ कोरबा सीधी रेल सेवा को हरी झंडी

**रायगढ़।** विधायक रहते ओपी चौधरी ने बिलासपुर डीआरएम को पत्र लिखकर कोरबा से रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग की थी। 16 दिसंबर को लिखे पत्र में विधायक रहते ओपी ने बिलासपुर डी आर एम को लिखे पत्र में कहा था कि दक्षिण पूर्वी मुख्य रेलवे मार्ग मे रायगढ़ स्थित है। छत्तीसगढ़ गठन के बाद निकटवर्ती राज्य ओडिसा से लगे रायगढ़ जिले का तेजी से ओद्योगिक विकास हुआ है। रायगढ़ कोरबा के मध्य सीधी रेल सुविधा शुरू किए जाने की बहु प्रतीक्षित मांग पर विचार करने का उल्लेख करते हुए विधायक ओपी ने कोरबा रेल सीधी रेल सेवा के प्रस्ताव को अविलंब मंजूरी दिए जाने की बात कही। ओपी के इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडे ने वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मंडल वाणी प्रबंधक मंडल यांत्रिक अभियंता के साथ आहूत बैठक में गाड़ियों की प्रचलन की समीक्षा की। रेल प्रबंधक द्वारा ओपी के पत्र के मद्देनजर अधिकारियों से चर्चा के बाद कोरबा से रायगढ़ के मध्य सीधी ट्रेन चलाने संबधी आदेश को हरी झंडी दे दी गई।

# दर्रामुड़ा में जूटमिल व कोतरा में पुलिस ने लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा ग्राम दर्रामुड़ा में जन चौपाल लगाकर महिलाओं और रहवासियों को जागरूक किया गया गया। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव ने ग्रामीणों को अंधविश्वास, बाल विवाह, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशा मुक्ति, बैंक, फ्रॉड समेत अनेक मुद्दों को लेकर रहवासियों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब, गांजा बेचने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। नए कानून के तहत अवैध शराब बनाने और बेचने पर अर्थदड़ और सजा बढ़ा है ऐसी गतिविधियों से बचें। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहने कहा गया कि ईनामी कूपन, लॉटरी, गाड़ी के नाम पर ओटीपी तो किसी से भी भूलकर शेयर न करें। दुपहिया चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग नहीं करने हेलमेट का उपयोग करेंए सिग्नल देखकर सड़क पार करें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिविर में 17 ...

गया। आज शिविर में 17 हितग्राहियों का आधार कार्ड बनाया गया तथा उक्त एक छात्रा को राशन कार्ड प्रदाय किया गया। विदित हो कि प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत शिविर आयोजन का मूल उद्देश्य जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर परिवारों का आकलन कर उनके समस्याओं का चिन्हांकन कर त्वरित गति से निराकरण करना था।

### मुख्यमंत्री साय ...

भेजने की व्यवस्था की। डीडीसी साय ने घायलों को इलाज के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनिय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया गांव के रहवासी है। मुख्यमंत्री के रूप में उनके नाम की घोषणा होने के बाद से ही, बगिया स्थित सीएम निवास, लोगों की आशा और उम्मीद का केन्द्र बना हुआ है। विशेषकर, चिकित्सकीय सहायता के लिए यहां लगातार फोन आ रहें हैं। मुख्यमंत्री साय ने अपने स्वजनों और सहयोगियों को, ऐसेजरूरतमंद लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया हुआ है। सीएम बनने से पहले तपकरा के विधायक और रायगढ़ लोकसभा से सांसद व केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री रहने के दौरान भी विष्णुदेव साय, बीमार और जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए संवेदनशील व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2023 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2023 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2024 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर







